कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री किशन मीणा निवासी ग्राम मण्डावर, तहसील महवा जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 16/2021

निर्णय

दिनांक : 22.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल उपलब्ध नही करवाई गई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1019 दिनांक 23.03.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1099 दिनांक 15.04.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से प्राप्त प्रतिलिपि पत्रांकः भू0अ0/2021/1365 दिनांक 15.04.2021 द्वारा अवगत करवाया कि बिन्दुवार रिपोर्ट एवं वांछित रिकार्ड की प्रतिलिपि पत्रांक 883 दिनांक 12.03.2021 को रजि0 डाक द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। अब और कोई रिकार्ड देना शेष नही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करवा गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा